हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 जून 2026

06 प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कुकरू पर्यटन का...

07 पुलिस का सेफ क्लिक अभियानः साइबर फ्रॉड से बचने स्कूली...




# 2 दिन में उमड़ा जनसैलाब, सुबह 6 बजे से जिप्सी के लिए कशमकश, शाम को मिला सुकून



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश का दिल और 'सतपुड़ा की रानी' कहे जाने वाले मशहूर हिल स्टेशन पचमढ़ी में इस वीकेंड पर्यटकों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि व्यवस्थाएं छोटी पड़ती दिखाई दीं। बीते दो दिनों में देश के कोने-कोने से आए सैलानियों की बंपर तादाद ने पचमढ़ी के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालत यह थी कि होटलों से लेकर पर्यटन स्थलों तक पैर रखने की जगह नहीं थी। सुबह की शुरुआत जहां सैलानियों के लिए भारी कशमकश और बेचैनी से भरी रही, वहीं शाम होते-होते प्रकृति के खूबसूरत नजारों ने उनकी सारी थकान मिटाकर रूह को सुकून से भर दिया।




### सुबह 6 बजे से ही जिप्सी बुकिंग के लिए मची होड़

पचमढ़ी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों की सैर के लिए वन विभाग और टैक्सी संचालक संघ द्वारा रोस्टर प्रणाली के तहत जिप्सी की बुकिंग की जाती है। नियम के मुताबिक बुकिंग काउंटर सुबह 8:00 बजे खुलता है, लेकिन वीकेंड पर भारी भीड़ के अंदेशे के चलते सैलानी सुबह 6:00 बजे से ही कतारों में खड़े नजर आए।लंबी कतारों में लगे पर्यटक काउंटर खुलने का इंतजार करते हुए खासे परेशान और बेचैन दिखे। बुकिंग शुरू होते ही भारी भीड़ के कारण माहौल काफी गहमागहमी भरा हो गया, जिससे पर्यटकों को टिकट हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### बी-फॉल व धूपगढ़ रहे मुख्य आकर्षण

तमाम दिक्कतों के बाद जब पर्यटक पचमढ़ी की वादियों में पहुंचे, तो वहां का नजारा देखते ही बनता था। इस वीकेंड पर्यटकों की पहली पसंद बी-फॉल और धूपगढ़ रहे। बी-फॉलः ठंडे पानी के इस झरने पर सैलानियों ने जमकर मस्ती की। पर्यटकों ने यहाँ औसतन 3 से 4 घंटे का समय बिताया और जलप्रपात का आनंद लिया। वहीं मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ पर शाम को नजारा अद्भुत था। सैलानियों ने यहाँ घंटों बैठकर डूबते सूरज की लालिमा को अपने कैमरों और यादों में कैद किया। सुबह की कतारों की बेचैनी, शाम के सूर्यास्त को देखकर पूरी तरह काफूर हो गई।

### ट्रैफिक संभालने में पुलिस के छूटे पसीने

हजारों वाहनों और पर्यटकों के अचानक शहर में प्रवेश करने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शहर की सड़कों से लेकर पर्यटन स्थलों के रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। शहर थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा ने बताया किः पर्यटकों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए पूरे पुलिस बल को अलर्ट पर रखा गया था। पुलिस की टीमें लगातार शहर और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मॉनिटरिंग करती रहीं। ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने और कानून व्यवस्था चुस्त रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी, ताकि पर्यटकों को किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े।

### एक्सपर्ट्स की राय

पर्यटन विशेषज्ञों ने सैलानियों से अपील की है कि जो लोग सचमुच प्रकृति की शांति का अनुभव करना चाहते हैं और सुकून से घूमना चाहते हैं, वे सोमवार से शुक्रवार के दिनों में आने का प्लान बनाएं। इन दिनों में न सिर्फ जिप्सी और होटल आसानी से व किफायती दामों पर मिल जाते हैं, बल्कि पचमढ़ी का वास्तविक शांत और जादुई माहौल भी महसूस किया जा सकता है। दूसरी ओर आजकल देश में वीकेंड टूरिज्म (शुक्रवार से रविवार) का चलन तेजी से बढ़ा है, जिसके कारण पचमढ़ी जैसे शांत हिल स्टेशन भी इन तीन दिनों में 'हाउसफुल' हो जाते हैं। भीड़भाड़ के कारण शांति के लिए परेशान होना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### जिला चिकित्सालय में लगी अत्याधुनिक मशीन

**नर्मदापुरम।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक केमील्यूमिनेसेंस इम्यूनोअसे मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन के माध्यम से अब रक्तदान किए गए रक्त की संक्रमण संबंधी उन्नत जांचें जिले में ही की जा सकेंगी, जिससे मरीजों को अधिक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### 30 जून तक होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। अभियान की अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 30 जून तक समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन कार्यक्रमों का उद्देश्य अभियान के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में हुए कार्यों और उपलब्धियों को आमजन के सामने रखना, अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ग्रामीणों, स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

सुलभ शौचालय से गायब हुई महिलाओं के लिए लगाई गई सेनेटरी पैड मशीन

# स्टेशन क्षेत्र के शौचालय में ही लगा रखी मशीन, महिलाओं को होती है परेशानी

किसी समय शहर के दो सुलभ शौचालयों में सेनेटरी पैड मशीन व यूज्ड पेड निस्तारण मशीन लगाई गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

देश में महिलाओं के लिये स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं। सोहागपुर नप ने भी महिलाओं के लिये शहरी सुलभ शौचालयों में सैनेटरी पैड मशीन व्यवस्था दी थी। लेकिन मुख्य बाजार स्थित सुलभ शौचालय में अब मशीन उपलब्ध नहीं है। रविवार को मामले में हरिभूमि प्रतिनिधि ने पड़ताल की तो नगर परिषद कार्यालय से जानकारी प्राप्त हुई कि किसी समय शहर के दो सुलभ शौचालयों में सेनेटरी पैड मशीन व यूज्ड पेड निस्तारण मशीन लगाई गई थी। इनमें से एक शौचालय रेलवे स्टेशन क्षेत्र में है, वहीं दूसरा शौचालय मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित है। इन दोनों में सेनेटरी पैड क्रय मशीन तथा यूज्ड पैड निस्तारण मशीन लगाई गई थी। लेकिन अब मुख्य बाजार स्थित शौचालय से दोनों मशीनें गायब हैं। जिसके कारण बाजार आने वाली स्थानीय महिलाओं सहित सोहागपुर क्षेत्र से होकर अन्य क्षेत्रों को आने जाने वाली महिलाओं को मिली शासन की यह सुविधा हाशिये पर पहुंच चुकी है।




### 5 रुपए थी कीमत

नप सूत्रों ने बताया कि शहर में मुख्य बाजार व रेलवे स्टेशन के सुलभ शौचालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। जहां पांच रुपए का सिक्का वेंडिंग मशीन में डालकर महिलाएं एवं युवतियां सैनिटरी पैड प्राप्त कर सकती थीं। नप स्वच्छता शाखा समन्वयक नीरज मलैया ने कहा कि केंद्र सरकार के समग्र स्वच्छता अभियान अंतर्गत मप्र नगरीय प्रशासन विभाग ने यह प्रक्रिया प्रारंभ की थी। जिसके अंतर्गत प्रदेश में नगर निकाय महिलाओं को सुलभ शौचालयों में सेनेटरी पेड उपलब्ध कराना था। सोहागपुर में फिलहाल यह सुविधा रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित सुलभ शौचालय में महिलाओं के लिये जारी बताई जाती है। मुख्य बाजार के शौचालय से मशीन हटा दी गई है।

### बाहरी महिलाओं का ध्यान

यह सुविधा बाहरी महिलाओं के लिये लाभदायक है, जिनका यात्रा दौरान शहर से आना-जाना होता है। मासिक धर्म की स्थिति में उन्हें महज पांच रुपए में नप के सुलभ शौचालयों से सेनेटरी पैड प्राप्त होता है। नागरिकों ने नप से अपील की है शौचालयों के मुख्य रास्तों पर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन सुविधा के बोर्ड लगाएं। ताकि महिलाओं को आसानी से संदेश प्राप्त हो सके कि कहां सरकारी शौचालयों में पैड क्रय सेंटर व डिस्पोसल सेंटर उपलब्ध हैं।

### निस्तारण मशीन भी उपलब्ध

नप स्वच्छता शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय सुलभ शौचालयों में यूज्ड पैड निस्तारण मशीनें भी शासन की योजना का पालन करते हुए लगाई गई थीं। इसके अलावा शौचालयों में पृथक डस्टबिन रखे थे। बताया जाता है कि डस्टबिन्स में यूज्ड सेनेटरी पैड डालने के संदेश लिखे होते हैं। डस्टबिन में डाले गए यूज्ड पैड्स को मशीन नष्ट करती है, ताकि संक्रमण की आशंका ना रहे। लेकिन योजना सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार के सुलभ शौचालय में बंद हो गई है। नागरिकों ने पुनः व्यवस्था बहाली की मांग नप से की है। वहीं नपा की इस कार्यप्रणाली पर क्षेत्रीय महिलाओं ने इस स्थिति पर रोष व्यक्त किया है।

# एक ही वाहन में खाद ले जा रहे किसान, ईंधन की बचत हो रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विकास खंड सोहागपुर में सहकारी समितियों और डबल लॉक केन्द्र से कृषकों को इन दिनों खाद दिया जा रहा है। जिसमें ईंधन की बचत का प्रयास प्रशासन व किसानों द्वारा किया जा रहा है। सोहागपुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि डीज़ल की समस्या को देखते हुए कृषकों को एक ही गाड़ी मे खाद ले जाने की सलाह दी जा रही है। चार से पांच किसानों को एक ट्रैक्टर या वाहन से खाद का परिवहन कराया जा रहा है, ताकि इससे डीज़ल की बचत हो सके। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसान आसानी से एक गंतव्य तक खाद परिवहन कर रहे हैं। इस व्यवस्था से किसान भी संतुष्ट हैं, क्योंकि कम राशि व्यय में खाद का परिवहन और वाहनों की भीड़ से भी निजात मिल रहा है। यह एक अच्छी पहल मानी जा रही है।

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**इटारसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मीडिया प्रभारी मानक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार और वीर भारत न्यास के पूर्व सचिव श्रीराम तिवारी पर करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। रविवार को इटारसी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि संस्कृति विभाग के अधीन संचालित वीर भारत न्यास में प्रचार-प्रसार, वीडियो प्रोडक्शन, डॉक्यूमेंट्री, सोशल मीडिया और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े करोड़ों रुपए के कार्य बिना निविदा प्रक्रिया के निजी एजेंसियों को दिए गए। मानक अग्रवाल ने आरोप लगाया कि पीपी प्रोडक्शन, आर्ट एंड व्यू और एसएफ प्रोडक्शन जैसी निजी एजेंसियों को सरकारी नियमों की अनदेखी कर काम सौंपे गए। उनका कहना था कि ऐसे कार्यों के लिए जनसंपर्क संचालनालय जैसी अधिकृत सरकारी एजेंसियां उपलब्ध थीं, इसके बावजूद निजी संस्थाओं को सीधे काम देकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नर्मदापुरम आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने अल्प प्रवास के दौरान नर्मदापुरम जिले पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर बुधनी स्थित ट्राइडेंट हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक श्री सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, बुधनी विधायक श्री रमाकांत भार्गव, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, श्री राजेंद्र सिंह, श्री पीयूष शर्मा, श्री महेंद्र यादव, श्री विकास नारोलिया, श्री नवनीत नागपाल, श्री माधव



दास अग्रवाल, अखिलेश खंडेलवाल, सविता दीवान शर्मा, श्री महेश उपाध्याय एवं श्री हंस राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साइ कृष्ण एस. थोटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रह।

### होम साइंस की प्राचार्य जैन निलंबित

**नर्मदपुरम।** होम साइंस कॉलेज में लगभग 9 लाख रुपए की खेल सामग्री खरीदी में अनियमितता सामने आई है। इस मामले में 30 जून को सेवानिवृत्त होने जा रहीं प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरोप है कि कॉलेज में खेल सामग्री की आपूर्ति से पहले ही संबंधित फर्म को लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया था। जब विधायक सीताशरण शर्मा ने कॉलेज के निरीक्षण के दौरान खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर इस मामले की जांच कराई गई। जांच में कई अनियमितताएं पाई गईं और रिपोर्ट में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन, स्टोर प्रभारी, वित्त शाखा प्रभारी, लेखापाल तथा खेल अधिकारी की भूमिका संदिग्ध बताई गई है।

# छत्रपति शिवाजी ने हिंदू जागरण को बनाया था मुख्य ध्येयः सहारिया

## हिंदू साम्राज्य दिवस पर किया वृहद आयोजन, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हिंदू साम्राज्य दिवस पर वृहद व विशेष आयोजन शनिवार शाम सोहागपुर शहर में किया गया। मुख्य बाजार स्थित रानी लक्ष्मीबाई मंच पर आयोजन हुआ। जिसके बाद शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई।

अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग घोष प्रमुख मनीष सहारिया ने उद्बोधन दिया। उन्होंने शिवाजी महाराज के इतिहास से परिचित कराया तथा कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का मुख्य ध्येय हिंदू जागरण व संरक्षण था। मुगलों की क्रूरता के विरुद्ध जनता में एकात्म हिंदू भाव जागरण शिवाजी महाराज ने स्थापित किया। इस दौरान मंचीय



अतिथि रूप में वरिष्ठ नागरिक कृष्णा पालीवाल व जिला धर्म जागरण सह संयोजक भूरे गिरी महाराज उपस्थित थे। संचालन अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने किया।

### निकाली भव्य शोभायात्रा

मंचीय आयोजन उपरांत शोभायात्रा निकाली गई। शिवाजी महाराज के स्वरूप के साथ भगवा ध्वज थामे नागरिक शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मंच पहुंची, जहां भारत माता की गई। इस दौरान कृष्णा पालीवाल, मनीष सहारिया, भूरे गिरी महाराज, राजो मालवीय, अभय खंडेलवाल, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, शिवकुमार पटेल, जिला प्रचारक नरेंद्र मिश्रा, रीतेंद्र राजपूत, पं. नीलेश शर्मा, श्रीकांत पटेल, विशाल गोलानी, अखिलेश मालवीय, सुरेंद्र ऊदल रघुवंशी, मनोज गोलानी, रूपेश रघुवंशी, मनोजीत हलदर, राकेश गोस्वामी, अमित साहू, गणेश अहिरवार, राजेश रघुवंशी, उत्तम घरामी, मृणाल घरामी, बाबू मेहरा, संजय मेहरा, दीपक यशवंत साहू, प्रशांत मालवीय व हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेहरू पार्क में आरडी बर्मन स्पेशल संध्या ने समां बांधा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार नेहरू पार्क में आयोजित होने वाला लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम 'सुरीला नर्मदापुरम' लगातार 53 सप्ताह पूरे कर चुका है। इस विशेष अवसर पर रविवार की संध्या को कार्यक्रम 'आरडी बर्मन और मदनमोहन जन्मदिन स्पेशल' के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के गायक कलाकारों ने हिंदी फिल्म संगीत के महान संगीतकार पंचम दा (आरडी बर्मन) के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को सुनहरे दौर की यादों में डुबो दिया। नेहरू पार्क में आयोजित इस संगीतमय शाम की शुरुआत नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल , संगीत गुरु कमल झा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई।

कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

# मां नर्मदा के घाटों को स्वच्छ करने समाज सेवियों ने की नर्मदा के तट सफाई, श्रद्धालुओं को भी किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज की मातृशक्ति ने न केवल घाट की व्यवस्था सुधारी, बल्कि समाज को स्वच्छता का एक बड़ा संदेश भी दिया।

मातृशक्ति ने श्रमदान कर चमकाया घाटअभियान के दौरान मातृशक्ति ने घाट पर फैले कचरे को साफ किया, फर्श पर झाड़ू लगाई और घाट के किनारे जमी हुई फिसलन भरी काई को पूरी तरह साफ किया। एकत्र किए गए समस्त





कचरे को घाट पर ही बने डस्टबिन में एकत्रित कर नष्ट करने हेतु भेजा गया। इस अभियान में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सी बी खरे, केशव देव वर्मा, सुनील राय, मनोज वर्मा, विजय वर्मा, लालता प्रसाद एवं मातृशक्ति से जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, सुमन वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, जानकी, रश्मि वर्मा और अदीति वर्मा उपस्थित रहीं।

### श्रद्धालुओं से विशेष अपील

पूजन सामग्री नदी में न विसर्जित करें इस पुनीत अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने मातृशक्ति के इस प्रयास को अनुकरणीय और प्रेरणादायक बताते हुए कहा मां नर्मदा हम सबकी जीवनदायिनी हैं। घाट पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से हमारी विनम्र अपील है कि वे नदी में फूल-माला, प्लास्टिक या अन्य पूजन सामग्री न डालें। मां नर्मदा को प्रदूषित होने से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अभियान से समाज के हर वर्ग को आगे आकर जुड़ना चाहिए।

# ब्लॉक को मिला 19000 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार से नर्मदापुरम जिले में सरकार की योजना के अनुसार पोलियो उन्मूलन प्रारंभ अभियान प्रारंभ हो गया है। जिसके अंतर्गत समूचे जिले में 1,48,437 बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि सोहागपुर ब्लॉक को 19,621 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके लिए 15,697 पोलियो बूथ प्रथम दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1,18,750 पोलियो बूथ निर्धारित किये गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पोलियो अभियान के अंतर्गत सभी बूथों सहित सभी ब्लॉक्स के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार सुबह 11 बजे जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसके बाद सभी बूथों पर दिनभर बच्चों को दवा पिलवाई गई।

### पर्यटन के नक्शे पर उभरेगा कुकरू, सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बड़ी सौगात

# प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कुकरू पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को मिलाकर बनेगा एकीकृत टूरिज्म सर्किट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू को प्रदेश के बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि कुकरू में पर्यटन विकास के लिए 15 करोड़ रुपये की लागत से कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को जोड़ते हुए एकीकृत टूरिज्म सर्किट विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुकरू में ईको टूरिज्म, सनराइज एवं सनसेट प्वाइंट सहित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थलों का विकास किया जाएगा।

पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेस्टोरेंट्स एवं अन्य पर्यटन अधोसंरचना विकसित की जाएगी। साथ ही ट्रैकिंग सहित विभिन्न एडवेंचर स्पोर्ट्स और रोमांचक गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पडऩे पर कुकरू के पर्यटन विकास के लिए बजट में और वृद्धि भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय जनजातीय ग्रामीण समूहों को पर्यटन गतिविधियों से जोडऩे के लिए कुकरू में होमस्टे विकसित किए जाएंगे। इन होमस्टे का संचालन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीटी) के होटलों की तर्ज पर व्यवस्थित रूप से किया जाएगा तथा इनकी बुकिंग की व्यवस्था मध्यप्रदेश टूरिज्म द्वारा की जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### कुकरू नेचुरल के तहत होगा स्थानीय उत्पादों का विपणन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कुकरू अपनी उत्कृष्ट कॉफी के साथ-साथ कोदो कुटकी, आंवला, हनी, हर्रा, बहेड़ा, सफेद मूसली, भिलवा एवं अन्य प्राकृतिक उत्पादों के लिए भी प्रसिद्ध है। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा वन विभाग के सहयोग से कुकरू नेचुरल के नाम से इकाइयां स्थापित की जाएंगी। साथ ही इन उत्पादों के विपणन के लिए वन विभाग द्वारा शहरों में आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कुकरू क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाओं को देखते हुए रबड़ी, मावा, दही सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के विक्रय केंद्र भी वन विभाग द्वारा स्थापित किए जाएंगे। स्थानीय युवाओं को पर्यटन संबंधी रोजगार से जोडऩे के लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के माध्यम से टूरिस्ट गाइड, ड्राइविंग एवं होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### पशुपालन और जल संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम कुकरू में पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशु उपलब्ध कराने तथा पशु शेड निर्माण की कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में पानी की समस्या के स्थायी समाधान और पर्यटन विकास को गति देने के लिए 5 करोड़ रुपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम कसई में भी तालाब निर्माण के लिए सर्वे कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक अधोसंरचनात्मक कार्यों की भी घोषणा की। इनमें आयुष विभाग अंतर्गत वेलनेस सेंटर की स्थापना, ग्राम जामुखेड़ा में 70 लाख रुपये की लागत से सडक़ निर्माण, ग्राम लोकलदरी में 40 लाख रुपये की

### पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दो दिवसीय जिले के हिल स्टेशन कुकरू प्रवास के दौरान रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 3 वर्षीय आरोही माहोरे, 3 वर्षीय सोनाली एवं 3 वर्षीय शारदा को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने और निर्धारित आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की।

### सीएम से मिलने कुकरू जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता हिरासत में लिए

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले के दौरे के दौरान रविवार को पुलिस ने युवा कांग्रेस के करीब दो दर्जन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल कुकरू जा रहे थे। वहां वे अपनी विभिन्न मांगों और स्थानीय मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में थे। पुलिस ने उन्हें खेड़ी क्षेत्र में रोककर हिरासत में लिया और बैतूल ले आई। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन सुबह से ही खेड़ी क्षेत्र में तैनात था। साथ ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जैसे ही कार्यकर्ताओं का काफिला कुकरू की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागदरे, सरफराज खान और प्रदीप कोकाटे सहित करीब दो दर्जन कार्यकर्ता शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी अभिषेक परमार बैतूल में संगठनात्मक बैठक लेने पहुंचे थे।

### मुख्यमंत्री ने किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कुकुरू के रेस्ट हाउस परिसर में योगाभ्यास कर प्रदेशवासियों को अपनी दैनिक जीवनशैली में योग को शामिल करने का संदेश दिया। प्राकृतिक



वादियों के बीच आयोजित योग सत्र में मुख्यमंत्री ने योग साधक की भांति विभिन्न योगासनों को कर सभी को नियमित योग के प्रति प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगाभ्यास के दौरान मयूरासन, शीर्षासन सहित अन्य कठिन आसनों का भी सहजता एवं पारंगत रूप से प्रदर्शन किया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वक्रासन, भुजंगासन एवं शलभासन सहित अनेक योगासनों का स्थानीय ग्रामीणों के साथ सामूहिक अभ्यास किया। इसके साथ ही नाड़ी शोधन, तितली एवं भ्रामरी प्राणायाम भी किए गए। इस दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, वन मंडलाधिकारी लक्ष्मीकांत वासनिक, आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक, अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



### किसानों का किया उत्साहवर्धन

# मुख्यमंत्री ने कुकरू में खेत में चलाया हल

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बैतूल प्रवास के दौरान रविवार को प्रसिद्ध हिल स्टेशन में ग्रामीण जीवन और कृषि संस्कृति से आत्मीय जुड़ाव का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने किसान सहादेव गायनी के खेत में पहुंचकर स्वयं हल चलाया और मक्का की बोवनी कर किसानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर किसान सहादेव गायनी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पास लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वर्तमान में मक्का की बोवनी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने खेती-किसानी की जानकारी लेते हुए कृषि कार्यों में रुचि दिखाई तथा किसानों से आत्मीय संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ की बुवाई और उपज विक्रय के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ यादव का यह सहज और आत्मीय अंदाज ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। खेत में हल चलाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अन्नदाताओं के परिश्रम का सम्मान किया और कृषि को राज्य की समृद्धि का आधार बताया। इसी दौरान ग्राम के 21




वर्षीय युवक हेमंत गायनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष पारंपरिक लाठी घुमाने की कला का प्रदर्शन किया। युवक की प्रतिभा से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने उसकी सराहना की तथा स्वयं भी लाठी घुमाकर उसका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने कुकरू में पर्यटन विकास की कार्ययोजना के प्रजेंटेशन का अवलोकन किया

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं वन विभाग द्वारा प्रस्तावित पर्यटन विकास की कार्ययोजना संबंधी प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया।


इस दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तावित पर्यटन विकास गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि कुकरू के प्रमुख



दर्शनीय स्थलों का विकास किया जाएगा। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को होम-स्टे गतिविधियों से जोडक़र उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से कुकरू में ईको रिसॉर्ट, होम-स्टे एवं विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का विकास किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण में कॉफी उत्पादन को बढ़ावा देने, प्रदेश के एकमात्र ताप्ती कंजर्वेशन क्षेत्र, बटरफ्लाई पार्क सहित अन्य पर्यटन संभावनाओं के विकास संबंधी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर वन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जिले के सागौन उत्पाद से निर्मित हिरण की कलाकृति तथा नंदा हनी सहित अन्य उत्पाद भेंट किए गए। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक श्री महेंद्र सिंह चौहान, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### सीएम ने कॉफी बागान का किया अवलोकन

# स्थानीय किसानों को कॉफी उत्पादन से जोड़ें: मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू स्थित कॉफी बागान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कॉफी बागान के इतिहास, भू-गर्भीय परिस्थितियों एवं यहां उपलब्ध प्राकृतिक वातावरण की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉफी की खेती की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए स्थानीय किसानों को कॉफी उत्पादन से जोडऩे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कॉफी उत्पादन क्षेत्र के ग्रामीणों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कॉफी प्रोसेसिंग का कार्य कर रही ल-वॉन कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर कॉफी प्रोसेसिंग, विपणन एवं क्षेत्र में कॉफी उत्पादन के विस्तार की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि कुकरू में वर्ष 1944 में ब्रिटिश महिला फ्लोरेंस हेंड्रिक्स द्वारा कॉफी बागान की स्थापना की गई थी। यह कॉफी बागान लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और वर्तमान में क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं कृषि धरोहर के रूप में पहचान रखता है। इस दौरान कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुकरू में बुच पॉइंट का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बैतूल प्रवास के दौरान रविवार को जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकरू स्थित बुच पॉइंट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बुच पॉइंट से चारों ओर फैली हरियाली, पर्वतीय श्रृंखलाओं और प्रकृति के अद्भुत नजारों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कुकरु की वादियां प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर हैं और यहां का वातावरण मानसिक शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि यह स्थल सूर्योदय दर्शन बिंदू व बुच पॉईन्ट के रूप में प्रसिद्ध है। इस स्थल का नाम बुच पॉइन्ट बैतूल जिले में 4 जनवरी 1962 से 4 जनवरी 1965 तक कलेक्टर रहे श्री महेश नीलकंठ बुच की स्मृति में पड़ा, इनकी धर्मपत्नी निर्मला बुच (म.प्र) राज्य की प्रथम महिला मुख्य सचिव रही। इस स्थल से सूर्योदय के समय पवन चक्किया एवं प्राकृतिक वादियों के बीच सूरज उगता हुआ दिखाई देता है, जो की एक अत्यन्त मनोरथ दृश्य बनता है। तलहटी में कोरकू जनजातीय बाहुल्य लोकलदरी नामक ग्राम है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक महेंद्र सिंह चौहान आदि रहे मौजूद।

## किसानों की समस्याओं को लेकर 1 जुलाई को शाहपुर में होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शाहपुर में किसानों एवं आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर 1 जुलाई को लोकतांत्रिक आंदोलन आयोजित किया जाएगा। आंदोलन के दौरान किसानों की उपेक्षा और जनसमस्याओं के निराकरण में हो रही देरी के विरोध में कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा। साथ ही किसानों एवं आम नागरिकों से संबंधित मांगों का ज्ञापन एसडीएम शाहपुर को सौंपा जाएगा। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन का नेतृत्व शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू वरकड़े, अविनाश भलावी और निलेश करोचे करेंगे। आंदोलन 1 जुलाई को सुबह 11 बजे शाहपुर ब्लॉक मुख्यालय पर शुरू होगा, जहां किसान, युवा और आमजन एकत्रित होंगे। ज्ञापन में किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने, ई-टोकन व्यवस्था में सुधार कर नगद भुगतान पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर पूर्णतः रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रहेगी। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित 12 हजार रुपये के शौचालय अनुदान का तत्काल भुगतान, छात्रावासों में जरूरतमंद एवं पात्र विद्यार्थियों को पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिलाने, अवैध रेत खनन पर तत्काल रोक लगाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग भी उठाई जाएगी, ताकि किसानों की खेती और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कमलेश यादव ने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होकर किसान एकता को मजबूत बनाने और किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### आजीविका मिशन से सशक्त हुईं महिलाएं, मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम कुकरू के ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि , स्व सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की सदस्य नीता धाड़से ने बताया कि वे कृषि सखी के रूप में कार्य करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से प्राप्त ऋण सहायता से वे विभिन्न गतिविधियों के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं। समूह की सदस्य श्रीमती मैना दामजे ने बताया कि पहले वे छोटे स्तर पर मावा और रबड़ी बनाने का कार्य करती थीं, लेकिन स्व-सहायता समूह से जुडऩे के बाद उनकी आय बड़ी है। ग्राम खामला की स्व-सहायता समूह सदस्य श्रीमती अर्चना विनोद ने बताया कि सीएलएफ के माध्यम से उनके समूह को 72 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है, जिससे समूह की महिलाएं कृषि सखी, डेयरी एवं अन्य गतिविधियों से जुडक़र आगे बढ़ रही हैं। ग्रामीण शेषराव बरसाकर ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अपने तीन वर्षों के अनुभव और उससे प्राप्त लाभों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए सभी ग्रामीणों से प्राकृतिक खेती को अपनाने और उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया। इस दौरान ग्रामीणों की वन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों से कहा कि कुकरू एवं आसपास का क्षेत्र वनभूमि क्षेत्र है, जहां कॉफी उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आम जैसे फलदार वृक्षों के साथ कॉफी पौधों का रोपण कर आय बढ़ाने की बात कही।

### कबीर साहेब प्रकट दिवस पर सतलोक आश्रम में हो रहे आयोजन

**बैतूल।** सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में परमेश्वर कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशाल महा समागम का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन आज सोमवार होगा। समागम में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम के दूसरे दिन आश्रम में कई परोपकारी और समाज कल्याण के कार्य किए गए। महासमागम की शुरुआत तीन दिवसीय अखंड पाठ के साथ हुई, जिससे पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चौबीसों घंटे शुद्ध देशी घी से निर्मित भंडारा चल रहा है जिसमें मिष्ठान, सब्जी, पूड़ी, दाल, चावल आदि का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही, मानव कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते हुए आश्रम में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जिला चिकित्सालय बैतूल की टीम को 254 यूनिट रक्त डोनेट किया। साथ ही संत रामपाल जी महाराज के 5850 अनुयायियों ने चिकित्सा विज्ञान और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ते हुए स्वेच्छा से देहदान के फॉर्म भी भरे।

### ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# हाई स्कूल मैदान का ओपन जिम और बास्केटबॉल कोर्ट उजाड़ने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के हाई स्कूल मैदान में स्थित ओपन जिम एवं बास्केटबॉल कोर्ट को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अंजलि सुमित शिवहरे, निर्मला उबनारे कांग्रेस पार्षदों ने संदीपनी विद्यालय के हॉस्टल निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लाखों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति नष्ट करने का आरोप लगाया है। पार्षदों ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। महिला पार्षदों का कहना है कि, हाई स्कूल मैदान में पूर्व विधायक सुखदेव पांसे के प्रयासों से लगभग 10 लाख रुपये की लागत से स्थापित ओपन जिम को हॉस्टल निर्माण कार्य के नाम पर उखाडक़र एक ओर फेंक दिया गया। इस दौरान जिम के कई उपकरण टूट गए और क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सावधानी बरती जाती तो इन उपकरणों को सुरक्षित रूप से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता था। मामले की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे एवं निर्मला उबनारे मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ओपन जिम की दुर्दशा पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर स्थापित किया गया था। प्रतिदिन सुबह-शाम बड़ी संख्या में युवक-युवतियां, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाएं यहां व्यायाम करने पहुंचते थे। इस सुविधा के नष्ट होने से नागरिकों में भारी निराशा है। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी पूर्व विधायक सुखदेव पांसे के प्रयासों से वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ड्ब्ष्टरु) के सहयोग से लगभग 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट को भी निर्माण कार्य के दौरान उखाड़ दिया गया था। उनका कहना है कि कोर्ट के साथ लगे बास्केटबॉल पोल भी हटाकर फेंक दिए गए, जिनमें से एक पोल क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान में उस आधुनिक खेल सुविधा के अवशेष तक ढूंढऩा मुश्किल हो गया है। पार्षदों ने कहा कि एक ओर सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं के लिए नई खेल सुविधाएं विकसित करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर पहले से उपलब्ध सार्वजनिक सुविधाओं को ही नष्ट किया जा रहा है। बिना उचित योजना के करीब 35 लाख रुपये की खेल एवं व्यायाम सामग्री को नुकसान पहुंचाना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने मांग की कि इस नुकसान की भरपाई संबंधित ठेकेदार से कराई जाए तथा क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत कर उन्हें शीघ्र किसी उपयुक्त स्थान पर पुनः स्थापित किया जाए।

### कार्रवाई की जाएगी

ओपन जिम के उपकरण उखाड़े जाने की जानकारी मिली है। सामग्री हटाने के दौरान कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हुए हैं। सोमवार को संदीपनी विद्यालय के ठेकेदार को नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा। क्षतिग्रस्त सामग्री के संबंध में नियमानुसार ठोस कार्रवाई की जाएगी।

**महेश शर्मा, उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई**

खबर संक्षेप



### कन्या शिक्षा परिसर में 10 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर

**सीहोर।** सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में 10 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान बालिकाओं को विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों एवं गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तिगत कौशल तथा जीवनोपयोगी कौशल जैसे नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, संवाद कौशल, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी छात्राओं ने सामूहिक रूप से एक आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कौस्तुक कर्माकर, सत्येंद्र शर्मा, प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा, अशोक त्रिपाठी उपस्थित थे।

### 11 व 18 जुलाई को आयोजित होगी विशेष ई लोक अदालत

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार सीहोर जिला न्यायालय सहित आष्टा, भैरूंदा, बुधनी और इछावर के तहसील न्यायालयों में 11 जुलाई को विशेष ई-लोक अदालत तथा 18 जुलाई को धारा 138 एन. आई. एक्ट अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरणो के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रो में रहने वाले पक्षकारों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 11 जुलाई को सीहोर में विशेष ई-लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्री-लिटिगेशन एवं लंबित समस्त प्रकरणों को शामिल किया गया है। इसमें पक्षकारों की प्रीसिटिंग तथा प्रकरण के निराकरण आदि में यथा संभव वीडियो कान्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। इसी प्रकार 18 जुलाई को धारा 138 एन.आई.एक्ट चेक बाउंस के लंबित प्रकरणो की बड़ी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पक्षकारो को त्वरित निराकरण से लाभांवित करने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन भूमि को सच में मुक्त कराना है तो कार्रवाई में भेदभाव नहीं होना चाहिए

# वनभूमि मुक्त या सिर्फ खानापूर्ति, सैकड़ों एकड़ वनभूमि कब्जाधारियों पर कब चलेगी विभाग की जेसीबी

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की कार्रवाई सिर्फ छोटे कब्जाधारियों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि वर्षों से सैकड़ों एकड़ वन भूमि पर कब्जा जमाए बैठे बड़े कब्जाधारी लोगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा







तहसील भैरूंदा के वन क्षेत्रों में इन दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। वन विभाग की ओर से लाड़कुई वन परिक्षेत्र में अभियान चलाकर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत को लेकर ग्रामीणों के बीच कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की कार्रवाई सिर्फ छोटे कब्जाधारियों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि वर्षों से सैकड़ों एकड़ वन भूमि पर कब्जा जमाए बैठे बड़े कब्जाधारी लोगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई। ओर न ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

इसी कारण लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह अभियान सिर्फ दिखावा है या वास्तव में वन भूमि को मुक्त कराने के लिए प्रशासन गंभीर है ओर मुहिम चलाई जा रही है। हाल ही में वन विभाग ने एक कार्रवाई करते हुए करीब 0.337 हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध जुताई कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। उसका ट्रैक्टर-हल जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत मामला दर्ज किया गया। विभाग ने इसे सख्ती का संकेत बताया और कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। लेकिन ग्रामीण इस कार्रवाई को नाकाफी मान रहे हैं। उनका कहना है कि छोटे किसानों या सीमित जमीन पर कब्जा करने वालों पर तो तुरंत कार्रवाई हो जाती है, लेकिन बड़े स्तर पर कब्जा करने वालों के खिलाफ विभाग की नजर क्यों नहीं जाती। क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने दर्जनों एकड़ वन भूमि पर खेती कर रखी है, लेकिन उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### ग्रामीणों की मांग-सभी पर एक जैसी कार्रवाई

स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि यदि वन भूमि को सच में मुक्त कराना है तो कार्रवाई में भेदभाव नहीं होना चाहिए। छोटे और बड़े, दोनों तरह के कब्जाधारियों पर समान सख्ती जरूरी है। सिर्फ छोटे लोगों पर कार्रवाई कर अभियान को सफल नहीं माना जा सकता।

#### कार्रवाई या सिर्फ कागजी दावा

क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कहीं यह पूरा अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित न रह जाए। एक-दो मामलों में कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, जबकि बड़े स्तर पर अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। अगर बड़े कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो अभियान की मंशा पर सवाल उठना तय है। हालांकि वन विभाग का दावा है कि अब तक करीब 10 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है और आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग का कहना है कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

**छोटों पर सख्ती, बड़ों पर चुप्पी क्यों :** ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की कार्यप्रणाली में असमानता साफ दिखाई दे रही है। छोटे लोगों के साधन जब्त कर लिए जाते हैं और उनका अतिक्रमण तुरंत हटा दिया जाता है, लेकिन बड़े कब्जाधारी लोगों के मामले में विभाग की कार्रवाई नदारद नजर आती है। इससे लोगों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उईके ने बताया कि वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अतिक्रमण की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

## श्रीरामलीला हमारी सनातन संस्कृति, मर्यादा, धर्म और आदर्शों की जीवंत धरोहर: पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय

**सीहोर।** श्रीरामलीला हमारी सनातन संस्कृति, मर्यादा, धर्म और आदर्शों की जीवंत धरोहर है। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए सत्य, सेवा, त्याग और कर्तव्य का प्रेरणास्रोत है। उक्त विचार शहर के कोलीपुरा चौराहे पर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में आयोजित भव्य श्रीरामलीला के मंचन के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने कहे। उन्होंने सभी कलाकारों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्रभु श्रीराम एवं भगवान श्री लक्ष्मी नृसिंह की कृपा से यह आयोजन सफल, भव्य एवं मंगलमय हो तथा समस्त क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो।



इस मौके पर रामलीला मंचन का शुभारंभ मंदिर के संत माधव महाराज, महंत बृजेश शर्मा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, गणेश यादव, दिनेश राणा, अमन यादव आदि ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने यहां पर मौजूद भजन गायकों और रामलीला के पात्र राम बने मनीष पांडे, दशरथ की भूमिका निभा रहे रितेश पांडे, वशिष्ठ संतोष चौबे, कौशल्या परवेश चौबे, सुरेन्द्र दुबे आदि का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

**लगातार 12 दिनों तक जारी रहेगी रामलीला :** संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रामायण प्रचारक एवं रामलीला मंडल के तत्वाधान में शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्रीनृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक जारी रहेगी। इसमें कलाकारों के द्वारा संगीतमय भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। महंत बृजेश शर्मा सहित अन्य ने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से रामलीला में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पहले दिन रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म के अलावा मनु-शतरूपा की तपस्यासृष्टि के आरंभ में राजा स्वायंभुव मनु और रानी शतरूपा ने सांसारिक मोह-माया त्यागकर एकांत में वन की शरण ली। उन्होंने अपने मन को भगवान विष्णु के चरणों में समर्पित कर दिया और कठोर तपस्या की। आरंभ में वे केवल फल-फूल खाते थे, फिर केवल जल पीकर, और अंत में बिना कुछ खाए-पिए केवल श्वास के सहारे हजारों वर्षों तक जप करते रहे। भगवान विष्णु का वरदान उनकी इस अनन्य भक्ति और साधना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट हुए और उन्हें मनचाहा वरदान मांगने को कहा। मनु और शतरूपा ने कहा कि वे अपने ही समान एक पुत्र को पाना चाहते हैं। तब नारायण ने मुस्कुराते हुए वरदान दिया कि वे स्वयं उनके पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। प्रभु ने कहा कि अगले कल्प में जब आप अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या बनेंगे, तब मैं आपके घर राम के रूप में अवतार लूंगा।

## पुलिस का सेफ क्लिक अभियान: साइबर फ्रॉड से बचने स्कूली बच्चों को बताए उपाय

**भैरूंदा।** शनिवार को थाना भैरूंदा पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत सांदीपनी विद्यालय भैरूंदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़ी जरूरी जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम के दौरान थाना भैरूंदा एसआई पूजा राजपूत ने बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग जितना जरूरी है, उतना ही सावधानी रखना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि अनजान कॉल या मैसेज पर कभी भी अपनी निजी जानकारी या ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसी के जरिए ठगी की घटनाएं होती हैं।

उन्होंने साइबर बुलिंग के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया पर परेशान करता है या गलत मैसेज भेजता है तो उसे नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को बताएं। साथ ही सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करने की सलाह दी। एसआई राजपूत ने ऑनलाइन गेमिंग के दौरान होने वाले खतरों और ऑनलाइन शोषण से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि कई बार गेम के बहाने बच्चों से पैसे या निजी जानकारी मांगी जाती है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि किसी भी तरह की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बच्चों ने भी उत्साह के साथ सवाल पूछे और जानकारी हासिल की। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जागरूक बनाना और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए गए।

## एक्यूप्रेशर व सुजोक चिकित्सा शिविर शुरू, 6 दिन तक मिलेगा इलाज

**भैरूंदा।** नगर में लोगों को प्राकृतिक तरीके से इलाज देने के उद्देश्य से शनिवार को एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर की शुरुआत की गई। यह शिविर सिद्धपुर सेवा भारती, नगर भैरूंदा के तत्वावधान में गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ, रेस्ट हाउस रोड पर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में जोधपुर (राजस्थान) से आए एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. आर. सी. चौधरी और पुखराज चौधरी अपनी टीम के साथ मरीजों का इलाज कर रहे हैं। यहां मरीजों को बिना दवा के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के जरिए उपचार और सलाह दी जा रही है। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा, लकवा, दमा, बवासीर, थायराइड, पेट संबंधी समस्याएं, पुराना सिरदर्द, जोड़ों व घुटनों का दर्द, कमर दर्द सहित आंख, कान और नाक से जुड़ी बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं पूजा बैरागी, डॉ. पुष्पा शर्मा, शोभा व्यास, माया अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर में एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन और मैगनेट थेरेपी के जरिए इलाज किया जा रहा है। यह शिविर 27 जून से 2 जुलाई तक चलेगा। रोजाना सुबह 8 से 12 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक मरीजों को देखा जाएगा। हर मरीज को करीब 15 से 20 मिनट का समय दिया जा रहा है। शिविर में पंजीयन शुल्क 100 रुपए रखा गया है। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



## हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया



**सीहोर।** हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को मेडिकल एसोसिएशन एवं अटल हॉस्पिटल द्वारा गंगा आश्रम स्थित अटल अस्पताल परिसर में विशेष संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों, चिकित्सकों एवं दवा व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि माननीय नगर संघचालक भारत सोनी जी रहे, इस अवसर पर डॉ. गगन नामदेव ने चिकित्सा सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के लिए किए गए संघर्ष को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन साहस, संगठन और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। डॉ. नामदेव रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आरोग्य भारती से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा जी ने मातृ शक्ति, परिवार एवं समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सेवा कार्यों में अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है तथा समाज के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयोजन के दौरान उपस्थित दवा व्यापारी स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कार्यक्रम संचालन महेंद्र वर्मा ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, दवा व्यवसायियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। अटल अस्पताल के संचालक संदीप वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना, सेवा भावना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सहभागी बंधुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

विद्यार्थियों और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

# दि ऑक्सफोर्ड स्कूल में नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोर में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताहँ के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर की ओर से विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त भारत के निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित करना था।

विद्यालय में निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज के समर्थन में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को जिला स्तरीय समापन समारोह में सम्मानित किया गया।

गुरुवार को आयोजित नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली में विद्यालय के बैंड ट्रूप ने सक्रिय सहभागिता करते हुए रैली का नेतृत्व किया। यह रैली आवासीय खेलकूद संस्थान, भोपाल नाका, सीहोर से प्रारंभ होकर शासकीय चन्द्रशेखर आज़ाद अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में सम्पन्न हुई। समापन अवसर पर सामूहिक नशामुक्ति शपथ, मानव श्रृंखला एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि युवा वर्ग की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त एवं विकसित भारत का निर्माण संभव है। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## 1 अक्टूबर 2026 तक रेत उत्खनन रहेगा बंद

**सीहोर।** मानसून अवधि को देखते हुए कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 26 जून 2026 की मध्यरात्रि से प्रभावशील होगा तथा 01 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा। कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार भारत सरकार के सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा-निर्देश 2016 एवं रेत खनन के लिए प्रवर्तन एवं निगरानी दिशा-निर्देश 2020 के प्रावधानों के तहत मानसून अवधि में रेत उत्खनन पर रोक लगाई जाती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मानसून वर्षाकाल की अवधि 15 जून से 1 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इसी के आधार पर सीहोर जिले में स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए रेत खनन प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के सभी रेत खदान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिबंधित अवधि में किसी भी प्रकार का रेत उत्खनन नहीं किया जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## मोटे अनाज को बढ़ावा देने कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित किए गए

हरदा। अन्न बाजरा को बढ़ावा देने हेतु कुकड़ापानी में कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित। मोटे अनाज को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा ग्राम कुकड़ापानी, ब्लॉक खिरकिया में 26 जून को कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण आयोजित किए गए। आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) संस्था के सहयोग से 5 कृषक महिलाओं के खेतों में बाजरा के प्रदर्शन प्लॉट लगाए गए। केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने किसानों को बाजरा की उन्नत खेती, बीज बुवाई की वैज्ञानिक विधि, उचित पौध दूरी, पोषण प्रबंधन एवं फसल देखभाल की जानकारी दी। जागृति बोरकर ने बाजरा के पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ बताए। उन्होंने कहा कि बाजरा आयरन, कैल्शियम, फाइबर से भरपूर है और इसके नियमित सेवन से पोषण स्तर में सुधार होता है। बाजरा की किस्म 'धन शक्ति' लोह तत्व व जिंक से भरपूर है और कम लागत में अधिक लाभ देती है। डॉ. संध्या मौर्य ने बताया कि इन परीक्षणों का उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय में श्री अन्न का क्षेत्र पुनः बढ़ाना एवं कुपोषण दूर करना है। वर्तमान मौसम परिस्थितियों में यह फसल निश्चित ही लाभप्रद होगी।

## लायंस क्लब हरदा सिटी की कार्यकारिणी ने शपथ ली



हरदा। लायंस क्लब हरदा सिटी के लायनिस्टिक सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का संस्थापन समारोह रविवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बैतूल से के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परमजीत सिंह बग्गा रहे, जबकि संस्थापन अधिकारी अनिल झा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने रोचक अंदाज में सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का भी स्मरण कराया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष अंजू भायरे ने वर्षभर मिले सहयोग के लिए क्लब के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। नई कार्यकारिणी में डॉ. विश्वनाथ विश्वास को अध्यक्ष, नवीन राठौर को सचिव, निमेष शाह को सहसचिव, अभय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा को सहकोषाध्यक्ष, पंकज शर्मा को प्रथम उपाध्यक्ष तथा अमित तोषनीवाल को द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। क्लब के सभी पूर्व अध्यक्ष आगामी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल रहेंगे। इस अवसर पर नगर के छह समाजसेवी नागरिकों ने भी लायंस क्लब हरदा सिटी की सदस्यता ग्रहण की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ विश्वास ने आगामी वर्ष में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं पीड़ित मानवता की सेवा से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज शर्मा ने किया, जबकि अंत में योगेश दुबे ने आभार व्यक्त किया। समारोह के उपरांत सभी सदस्यों ने सहभोज में सहभागिता की।

### प्रधानमंत्री के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समन्वित-प्रयास का आह्वान किया

# देश में 2047 तक एक भी बच्चा सिकल सेल से पीड़ित नहीं रहेगा: राज्यपाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने आह्वान किया है कि 2047 तक देश में एक भी बच्चा सिकल सेल से पीड़ित नहीं रहे, ऐसे समन्वित-प्रयास करना है और यही मंशा प्रधानमंत्री की भी है। देश के अन्य प्रान्तों की अपेक्षा मध्यप्रदेश में लोगों की स्क्रीनिंग में अव्वल है। राज्य में 1 करोड़ 33 लाख और खरगोन जिले में 10 लाख लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। उन्हें डिजिटल कार्ड भी दे दिए गए हैं, जिनमें जन्म पत्रिका जैसा पूरा विवरण होता है। हमें इनके उपयोग के लिए उन्हें जागरूक करना है, तभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। यहां रविवार को राज्यपाल पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है और इसे सभी मिलजुल कर ही सफल बना सकते हैं। जिसमें सामाजिक, जनप्रतिनिधि एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनों को प्रयास करना है। तभी हम सिकल सेल उन्मूलन के कार्यक्रम का लक्ष्य को प्राप्त सकेंगे।

### विवाह के पूर्व लड़के और लड़कियों को सिकल सेल की जांच कराना चाहिए

उन्होंने कहा कि यह अनुवांशिक बीमारी है और विवाह के पूर्व लड़के और लड़कियों को सिकल सेल की जांच कराना चाहिए। यदि दोनों ही पीड़ित है तो उनका विवाह नहीं करना चाहिए। यदि इनमें से कोई एक है तो विवाह संभव है, परंतु दो में से एक बच्चा अनिवार्य रूप से बीमारी से पीड़ित होगा। जिससे उनके माता-पिता का जीवन उनके दुख दर्द में ही व्यतीत हो जाएगा। आपने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने 2023 में शहडोल में बीमारी के नियंत्रण की शुरुआत की थी, जो अब राष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है। प्रदेश के 89 ब्लॉकों की ग्राम सभाओं में इस बीमारी और उसके लक्षण एवं सावधानियों की जानकारी देना चाहिए। झिरन्या क्षेत्र आदिवासी बहुल है और सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए यहां अच्छा काम हो रहा है। इसका आयुर्वेदिक उपचार से भी इस पर नियंत्रण संभव है, लेकिन एलोपैथिक का उपचार बंद नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में टीबी से पीड़ित मरीज से भी चर्चा की और कहा कि यह बीमारी भी नियमित उपचार से ठीक हो जाती है। उन्हें परिजनों से दूरी बनाकर रहना चाहिए, इससे स्वस्थ व्यक्ति में बीमारी का संक्रमण संभव है। राज्यपाल ने इस आकांक्षी ब्लॉक में धरती आबा उत्कर्ष योजना सहित अन्य कार्यक्रमों सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया। जिसमें 19 विभागों द्वारा 25 बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है आपने कहा कि जनहित के कार्यक्रमों की जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण ने निगरानी रखना चाहिए जिससे कार्यों में सुधार होता है।

### बीमारियों के स्टॉल का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न बीमारियों के स्टॉल का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की। वहीं रक्त कोष केंद्र का लोकार्पण किया। उन्हें सीएमएचओ बीएस चौहान, बीएमओ डॉ. दीपक शस्त्रे,बीपीएम राजेश गवले ने आवश्यक जानकारी थी। इस अवसर पर रक्त कषालय केंद्र का लोकार्पण कर रक्तवीर कुलबीरसिंह भाटिया सहित अन्य रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। उन्होंने दो एंबुलस और एक शव वाहन को भी हरी झंडी बताकर रवाना किया। महामहिम प्रातः 9.15 बजे मारुगढ स्थित हेलीपैड पर उतरे,सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे सहित प्रमुख भाजपाजनों ने स्वागत किया। समीप ही वे एकलव्य विद्यालय पहुंचे और प्राचार्य रेखारानी चौहान और छात्र-छात्राने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने उन्हें सामान्य ज्ञान और एनी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल पूछे। वहां से भी सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुना और इसके बाद रवाना हो गए। अंत में उन्होंने हेलीपैड के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कालू आदिवासी के घर गए । जहां आदिवासी समुदाय के लोगों ने ढोल-धमाकों के साथ पारंपरिक रूप से स्वागत किया। वहां भोजन किया और उसके उनके परिजनों से योजना को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और विधायकों में बालकृष्ण पाटीदार, छाया गोविंद मोरे, राजकुमार मेव, जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता तेरसिंह नार्वे, उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने शिरकत की। जबकि अधिकारियों में कलेक्टर भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद नागदेवे , सहायक आयुक्त आर्य,एसडीम लोकेश छापरे , एसडीओ पुलिस राकेश आर्य, जनपद सीईओ रीमा अंसारी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

## शराब पीने पर विवाद में पत्नी की पीट-पीटकर ली थी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह ग्राम रामपुरा में एक किसान के खेत पर 35 वर्षीय सेवंती बाई का शव मिला, जिसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस जांच में पति बंशीलाल कोरकू ही हत्यारा निकला। सेवंती बाई ग्राम घोड़ापाठ की निवासी थी और अपने पति व बच्चों के साथ रामपुरा में मजदूरी करती थी। उसका शव उसकी टपरी के बाहर खटिया पर मिला। महिला के बच्चों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात उनकी मां को कोई व्यक्ति बाइक से छोड़कर गया था। सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि शुक्रवार रात आरोपी बंशीलाल कोरकू के घर मेहमान आए थे। इस दौरान उसकी पत्नी सेवंती ने अत्यधिक शराब पी ली। पति बंशीलाल पत्नी के लगातार शराब पीने से परेशान था। इसी परेशानी और विवाद के चलते बंशीलाल ने अपनी पत्नी सेवंती की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा शनिवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया। अंतिम संस्कार के बाद पुलिस ने पति बंशीलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। रविवार शाम को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस घटना के कारण मृतका सेवंती कोरकू के तीन मासूम बच्चे बेसहारा हो गए। मां की मौत और पिता के जेल जाने के बाद बच्चों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल, इन तीनों छोटे भाई-बहनों को मृतका की सबसे बड़ी बेटी, जो शादीशुदा है, ने सहारा दिया है।

### जिला युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई

## युवा कांग्रेस युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी : चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक हुई। यह बैठक एक निजी होटल में जिला अध्यक्ष योगेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें संगठन विस्तार, पंचायत स्तर तक कार्यकारिणी गठन और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के तहत नीट परीक्षा पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में अनियमितताओं, बेरोजगारी और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे मुद्दों पर जनजागरण और आंदोलन किए जाएंगे। आगामी 30 जून को भोपाल में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में जिले के सभी पदाधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों से बड़ी संख्या में भोपाल पहुंचकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत करेगी पार्टी जिला अध्यक्ष योगेश चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की खामियों को युवाओं के भविष्य के लिए संकट बताया। चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस इन मुद्दों पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी और पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत कर युवाओं को कांग्रेस से जोड़ेगी। बैठक में हरदा विधानसभा अध्यक्ष भूपेश बाबल, विधानसभा अध्यक्ष अतुल टॉक, जिला महासचिव सौरभ सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष इमरान खान, रेहटगांव ब्लॉक अध्यक्ष नीरज किरार, सतनारायण पटेल, शशांक बिश्नोई, धर्मेंद्र शिंदे, हार्दिक जायसवाल, धीरज बागरे, प्रिंस और सतीश बिल्लोरे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 250 एकड़ भूमि का फर्जी पंजीयन होने का दावा, किसानों की जगह व्यापारियों के नाम से भुगतान पर संकट

## मूंग पंजीयन में बड़ा खेल: किसानों की जमीन पर व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन, भुगतान के लिए उनके और रिश्तेदारों के खाते दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

मूंग उपार्जन पंजीयन में कथित बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति मर्यादित गहाल में करीब 30 किसानों की लगभग 250 एकड़ कृषि भूमि का मूंग पंजीयन किसानों की जानकारी के बिना व्यापारियों के नाम से कर दिया गया। आरोप है कि जब किसान अपनी उपज बेचने के लिए पंजीयन की जानकारी लेने पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि उनकी जमीन पर पहले से ही व्यापारियों का पंजीयन दर्ज है तथा भुगतान के लिए व्यापारियों एवं उनके रिश्तेदारों के बैंक खाते पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यह मामला खिरकिया तहसील के ग्राम अजरूद माल और छुरीखाल के किसानों से जुड़ा है। आरोप है कि समिति स्तर पर सांठगांठ कर किसानों की गिरदावरी, खसरा नंबर और रकबे का उपयोग करते हुए व्यापारियों के नाम से पंजीयन कर दिया गया। जबकि किसान इस पूरी प्रक्रिया से अनजान रहे। मूंग पंजीयन के दौरान किसान की गिरदावरी, पटवारी हल्का, खसरा नंबर, रकबा और बैंक खाते की जानकारी दर्ज की जाती है। पंजीयन प्रक्रिया में किसान के मोबाइल पर ओटीपी भी प्राप्त होता है। आरोप है कि किसानों के नाम से पंजीयन होने के बावजूद भुगतान के लिए पोर्टल पर व्यापारियों एवं उनके रिश्तेदारों के बैंक खाते दर्ज कर दिए गए, जिससे किसानों के भुगतान पर संकट खड़ा हो गया है। छुरीखाल के किसान एवं जनपद सदस्य परसराम धुर्वे ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में मूंग की फसल बोई थी और करीब 14 बोरी उत्पादन हुआ है। जब वे फसल बेचने के लिए पंजीयन की जानकारी लेने पहुंचे तो पता चला कि उनके खसरा और रकबे की जानकारी तो पोर्टल पर दर्ज है, लेकिन भुगतान के लिए किसी व्यापारी का बैंक खाता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह गड़बड़ी अकेले उनके साथ नहीं बल्कि करीब 30 किसानों के साथ हुई है, जिसमें लगभग 250 एकड़ भूमि का मामला सामने आया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कर दोषी समिति तथा इसमें संलिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

सूत्रों के अनुसार प्रभावित अधिकांश किसान आदिवासी क्षेत्र से हैं और कई दिनों से अपनी समस्या के समाधान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। मामले में एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक जिन किसानों के नाम पर पंजीयन होना था, उनमें भुगतान के लिए पोर्टल पर रमेश राय, नमन राय और पराग राय निवासी चारूवा के बैंक खाते दर्ज दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में रमेश राय से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, अभी मैं इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकता।₹ इसके बाद उन्होंने इस विषय पर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दी।

### इनका कहना है

किसानों का पंजीयन व्यापारी के खाते में कैसे दर्ज हो गया, इसकी जानकारी निकाली जा रही है। ऑपरेटर अंबा सेल का निवासी है, उससे भी जानकारी ली जा रही है। किसानों का पंजीयन व्यापारी के खाते में दर्ज होने की जानकारी 16 जून को कृषि विभाग कार्यालय को दे दी गई है।

**पवन धनगर, प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति गहाल**

यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। समिति प्रबंधक द्वारा संबंधित नाम हटाने (डिलीट करने) के लिए भी लिखकर दिया गया है। मैं सोमवार को पूरे मामले की जांच करूंगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सतीश सीटोके, जिला उपार्जन समिति सदस्य एवं नोडल अधिकारी**

### धूप निकलने से मौसम सुहावना रहा

## बूंदाबांदी के बाद खुल गया मौसम, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रविवार को मौसम पूरी तरह खुला रहा। आसमान साफ रहने और धूप निकलने से लोगों ने राहत महसूस की। पिछले कई दिनों से लगातार बनी उमस के बीच मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा, जिससे लोगों ने खुली हवा का आनंद लिया। शनिवार को शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई थी। बारिश से तापमान में गिरावट आई और गर्मी से कुछ राहत मिली। रविवार को बादल छंटने के बाद मौसम साफ हो गया। हालांकि दोपहर के समय हल्की उमस बनी रही, लेकिन पिछले दिनों की अपेक्षा मौसम काफी बेहतर रहा। खुले मौसम के चलते शहर के बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। किसानों का कहना है कि मानसून की सक्रियता बढ़ने से खरीफ फसलों की बुवाई को गति मिलेगी। वहीं आमजन को भी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी और उमस से पूरी तरह राहत मिलेगी

**6.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज**-जिले में गत चौबीस घंटों में 6.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 27.2 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 1.6 मि.मी., सिराली में 3 मि.मी. तथा रहटगांव में 1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 79.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 152.5 मि.मी., टिमरनी में 30.3 मि.मी., खिरकिया में 105.6 मि.मी., सिराली में 35.1 तथा रहटगांव में 76.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 28 जून तक 191.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### बेटे की चाह में पत्नी को मारकर दूसरी शादी करना चाहता पति

## महिला ने पति पर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि पति बेटे की चाह में उसे मारकर दूसरी शादी करना चाहता था। शनिवार रात महिला को गंभीर हालत में हरदा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। महुखाल गांव की रहने वाली मीना यादव ने बताया कि शुक्रवार (26 जून) रात पति हरिओम यादव ने उसके साथ मारपीट की। अगले दिन उसने दोनों हाथ रस्सी से बांध दिए और गिलास में घुला जहरीला पाउडर जबरन पिला दिया। इसके बाद वह घर से चला गया। जहरीला पदार्थ पीने के बाद मीना ने अपनी बड़ी बहन अर्चना को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद भाई और मां उसे हरदा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में वह बेहोश हो गई थी। रविवार को होश आने पर उसने अपनी आपबीती बताई। परिजन के अनुसार मीना की शादी वर्ष 2015 में महुखाल गांव निवासी हरिओम यादव से हुई थी। दंपती की चार बेटियां हैं—निहारिका, अनुष्का और जुड़वां बेटियां भावना और निर्मिता।

महिला के भाई लल्लू यादव ने बताया कि पति और ससुराल पक्ष बेटे की चाह रखते थे। तीसरी डिलीवरी में जुड़वां बेटियों के जन्म के बाद डॉक्टरों ने महिला को आगे गर्भधारण नहीं करने की सलाह दी थी। इसके बाद पति उसे प्रताड़ित करने लगा और तलाक लेकर दूसरी शादी करने का दबाव बनाने लगा। महिला की मां अमरा बाई ने बताया कि पिछले दो महीने से बेटे को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। महिला का आरोप है कि पति चाहता था कि वह घर छोड़ दे या उसकी मौत हो जाए, ताकि वह दूसरी शादी कर सके। महिला के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उसकी चारों बेटियां भी जिला अस्पताल पहुंचीं। वे पूरे दिन महिला वार्ड के बाहर बैठी रहीं। कभी मामा तो कभी नानी उन्हें संभालते रहे। बच्चियों को यह पता नहीं था कि उनकी मां अस्पताल में क्यों भर्ती है। अस्पताल की बेंच पर चारों मासूम बच्चियां दीवार पर सिर रखकर सो रही थीं।

### महिला की हालत खतरे से बाहर

सीएमएचओ डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि महिला का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। मामले में प्री-एमएलसी बनाई गई है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और महिला के बयान लिए जाएंगे।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, छूटे हुए बच्चों को घर जाकर दवा पिलाएंगे

# जिले में 48568 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविचार को जिला चिकित्सालय परिसर में अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एच पी सिह ने नौनिहालो को पल्स पोलियो की दो बून्द दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश चौहान, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मदनमोहन मालवीय, शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, एएनएम, नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। अभियान का शुभारंभ जिले के सभी विकासखण्डो मे भी जनप्रतिनिधियो एवं स्वास्थ्य अधिकारियो की उपस्थिति में किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एम.के.चौरे ने बताया कि जिले में प्रथम दिवस 48568 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई है। उन्होने नागरिको से अपील की है कि जो बच्चे आज पोलियो की दवा पीने से वंचित रह गये है, उन्हे 29 एवं 30 तारिख को पोलियो की दवा अवश्य पिलावे।टीम के द्वारा दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चो को दवा पिलाई जावेगी।